## संपादकीय

### नाकामी का पर्दा

यूं तो देश-विदेश के मीडिया में यह बात आम थी कि कोरोना संक्रमण से होने वाली मौतों की वास्तविक संख्या सामने नहीं आ रही है। कई देशी-विदेशी संस्थानों के अध्ययन से भी खुलासा हुआ था कि मरने वालों के सरकारी आंकड़ों तथा वास्तविक आंकड़ों में बहुत अंतर है। खासकर ग्रामीण इलाकों में जहां जांच व इलाज का नितांत अभाव रहा है, वहां बड़ी संख्या में लोगों के मरने की आशंका जतायी गई। एक वास्तविकता यह भी थी कि उपचार व ऑक्सीजन न मिलने से उपजी बेबसी, श्मशान घाटों पर शवों का दबाव व गंगा में तैरती व घाटों पर दफन लाशों की संख्या सरकारी आंकड़ों से मेल नहीं खा रही थी। बुधवार को बिहार सरकार ने जिस तरह कोरोना संक्रमण से मरने वालों की संख्या को संशोधित किया, उसने पूरे देश को चौंकाया। इन आंकड़ों से राज्य में एक दिन में कोरोना से मरने वालों की संख्या में करीब चार हजार की बढ़ोतरी हुई। यह वृद्धि कुल आंकड़ों में 73 फीसदी थी, जिसके चलते राष्ट्रीय स्तर मरने वालों का प्रतिदिन का आंकड़ा छह हजार से अधिक हो गया। यह आंकड़ा पूरी दुनिया में एक दिन में मरने वालों का सबसे बड़ा आंकड़ा है। दरअसल, पटना हाईकोर्ट ने मृतकों की वास्तविक संख्या सामने न आने के आरोपों पर राज्य को अप्रैल-मई में कोरोना से मरने वालों की संख्या का ऑडिट करने का आदेश दिया। उसके बाद जिलास्तर पर समितियों का गठन किया गया था। जिसके चलते बुधवार को मरने वालों का 3971 का आंकड़ा सामने आया। दरअसल, इन आंकड़ों में उन मौतों को भी जोड़ा गया जो निजी अस्पतालों तथा होम क्वारंटीन में हुईं। एक बार कोरोना से ठीक हो जाने के बाद होने वाली जटिलता के प्रभावों से हुई मौतें भी इसमें शामिल रही। इसके अलावा वे मौतें भी जो अस्पताल ले जाने के वक्त रास्ते में हुई। निस्संदेह, पहले ही महामारी के दौरान हुई हर मौत आंकड़ों में दर्ज होनी चाहिए थी।

निस्संदेह, ऐसे संकट में आंकड़ों का विश्वसनीय होना बहुत जरूरी है। यहां सवाल बिहार का ही नहीं है, पूरे देश में नये सिरे से संशोधित आंकड़े सामने आने चाहिए। बिहार जैसी पहल हर राज्य में होनी चाहिए। इससे पता चलता है कि राज्य सरकारें अपनी नाकामी पर पर्दा डालने के लिये सही आंकड़ों को सामने नहीं आने देना चाहती। निस्संदेह कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर भयावह थी और देश का पहले से कमजोर चिकित्सा ढांचा इससे चरमरा गया, लेकिन सरकारों की तरफ से गंभीर पहल तो होनी ही चाहिए थी। लंबे समय से विपक्षी दल और विदेशी मीडिया भारत में कोरोना संक्रमण, ठीक होने वालों तथा मृतकों के आंकड़ों पर सवालिया निशाना लगाता रहा है। जो बताता है कि राज्य सरकारें महामारी से जुड़े आंकड़ों को सहेजने में गंभीर व सतर्क नहीं रहीं। होना तो यह चाहिए था कि गांव, ब्लॉक व जिलास्तर पर ऐसे आंकड़ों को जुटाने के लिये ईमानदार कोशिश होती। स्थानीय प्रशासन, निजी प्रयासों व अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से समय रहते वास्तविक आंकड़े जुटाये जाते तो सरकारों की नीति-नीयत पर ऐसे सवाल न उठाये जाते। निस्संदेह, दूसरी लहर की समाप्ति के बाद सरकारों की आंकड़ों की विश्वसनीयता को लेकर हमले और तेज होंगे। सूचना क्रांति और सोशल मीडिया के दौर में आंकड़ों पर पर्दा डालना मुश्किल है। वहीं दूसरी ओर महामारी के इस दौर में आंकड़ों का भविष्य में भी विशेष महत्व होगा। संक्रमितों व मृतकों के आंकड़ों से हासिल जानकारी से हमें भविष्य में आने वाली किसी आपदा से लड़ने की तैयारी में भी मदद मिलेगी। यह सरकारों की विश्वसनीयता का सवाल भी है। एक हकीकत यह भी है कि भारत जैसे विशाल व जटिलताओं वाले देश में हर आंकड़ा जुटाना आसान नहीं है, लेकिन सरकारों की तरफ से उपलब्ध संसाधनों के आधार पर ईमानदार कोशिश तो होती नजर आनी चाहिए। अन्यथा सरकारी आंकड़ों के मायने अविश्वास कहा जाने लगेगा। देश को महामारी में गई हर जान के बारे में जानने का हक है।

## ईंधन की महंगाई पर बोले धर्मेंद्र प्रधान, कल्याण योजनाओं पर खर्च बढ़ गया है

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ईंधन की महंगाई से आम जनता को हो रही परेशानी को स्वीकार करते हुए कहा कि टीकाकरण कवरेज के साथ-साथ कल्याणकारी योजनाओं पर सरकारी खर्च बढ़ गया है। सरकार महामारी में इस तरह की पहल के लिए पैसे बचा रही है। प्रधान ने कहा, मैं स्वीकार करता हूं कि मौजूदा ईंधन की कीमतें उपभोक्ताओं को परेशान कर रही हैं, लेकिन यह भी सोचा जाना चाहिए कि एक वर्ष के दौरान टीकाकरण पर 35,000 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।



हाल ही में प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत गरीबों को मुफ्त अनाज देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये खर्च करने की घोषणा की थी।

उन्होंने यह भी कहा कि पीएम किसान योजना के तहत, किसानों के खातों में हजारों करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए हैं और यह भी उल्लेख किया है कि हाल ही में किसानों की भलाई को ध्यान में रखते हुए चावल और गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई है, जो सरकारी खजाने में जुड़ा है। उन्होंने कहा, ये सभी खर्चे और इनके साथ-साथ रोजगार सृजन और विकास गतिविधियों के लिए निवेश की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा, कठिनाई के इस समय में, हम कल्याणकारी पहलों पर खर्च करने के लिए पैसे बचा रहे हैं। ईंधन की ऊंची कीमतों को लेकर विपक्ष द्वारा की जा रही आलोचना के सवाल पर मंत्री ने जवाब दिया कि जिन राज्यों में कांग्रेस सत्ता में है, जैसे राजस्थान, पंजाब और महाराष्ट्र में ईंधन की कीमतें कम क्यों नहीं की गई। यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतें अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई हैं और मुंबई और राजस्थान के श्री गंगानगर सहित कई जगहों पर पेट्रोल की कीमतें 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक हो गई हैं। श्रीगंगानगर में डीजल भी 100 रुपये प्रति लीटर के आंकड़े को पार कर गया है। दिल्ली में रविवार को पेट्रोल 96.12 रुपये जबकि डीजल 86.98 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था।

## अमेजॉन और फ्लिपकार्ट से लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है कैट

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि अमेजॉन, वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली फ्लिपकार्ट और कई अन्य विदेशी-वित्त पोषित ई-कॉमर्स कंपनियां पांच साल से अधिक समय से न केवल ई-कॉमर्स पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से सभी प्रकार के अनैतिक व्यापार प्रथाओं में शामिल हैं, बल्कि भारत के खुदरा व्यापार तक पर कब्जा जमाने की कोशिश में हैं। व्यापारियों के संगठन ने कहा कि उनके भयावह डिजाइनों ने देश के ई-कॉमर्स परिदृश्य को बहुत खराब कर दिया है। ऐसी स्थिति को देखते हुए, कैट सोमवार से 21 जून तक ई-कॉमर्स शुद्धिकरण सप्ताह शुरू करने जा रहा है, जिसे देशभर के हजारों व्यापार संघों का भारी समर्थन मिल रहा है। ई-कॉमर्स शुद्धिकरण अभियान के दौरान देशभर के व्यापारिक संगठन देश के सभी राज्यों के जिला कलेक्टरों को एक ज्ञापन सौंपेंगे। दूसरी ओर, व्यापार प्रतिनिधिमंडल अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्रियों और वित्त मंत्रियों से मिलेंगे और उनसे सरकार की ई-कॉमर्स नीति में एफडीआई के सख्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए राज्य में ई-कॉमर्स व्यापार के लिए एक निगरानी तंत्र स्थापित करने का आग्रह करेंगे। इसके साथ ही, व्यापार संघ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को एक ई-मेल भेजकर सीसीआई को अमेजॉन और फ्लिपकार्ट के व्यापार मॉड्यूल की जांच शुरू करने के लिए तत्काल निर्देश देने का आग्रह करेंगे।

## स्वास्थ्य एवं कल्याण से जुड़े उत्पाद पेश करेगी टाटा एआईए लाइफ

**चेन्नई ।** टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए लाइफ) ने सोमवार को कहा कि उसने पिछले वित्त वर्ष में अपनी कुल प्रीमियम आय में 34 प्रतिशत की वृद्धि अर्जित की।

जीवन बीमाकर्ता ने यह भी कहा कि जैसे कि उसे अस्तित्व में आए 20 साल पूरे हुए हैं। वह आने वाले वर्ष में स्वास्थ्य और कल्याण (हेल्थ एंड वेलनेस) से संबंधित उत्पादों को पेश करने के लिए तैयार है, जो उद्योग के इतिहास में एक नया अध्याय है।

टाटा एआईए लाइफ ने एक बयान में कहा कि उसने पिछले साल 11,105.09 करोड़ रुपये की कुल प्रीमियम आय दर्ज की, जो वित्त वर्ष 2020 में 8,308.51 करोड़ रुपये रही थी।

उसकी पिछले साल कुल नवीनीकरण प्रीमियम आय वित्त वर्ष 2020 में 5,066.49 करोड़ रुपये से बढ़कर 6,961.36 करोड़ रुपये हो गई।

कंपनी ने कहा कि प्रबंधन के तहत कुल संपत्ति (एयूएम) में भी 47.16 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह पिछले वित्त वर्ष में 31,450 करोड़ रुपये से बढ़कर 46,281 करोड़ रुपये हो गई है।

## चिप की कमी, मेंटेनेंस के लिए अमेरिकी संयंत्र बंद करेगी हुंडई

**सियोल ।** दक्षिण कोरिया की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर ने कहा कि वह सेमी कंडक्टर्स की कमी और नियमित रखरखाव के कारण अपने अमेरिकी संयंत्र को तीन सप्ताह के लिए बंद कर देगी।

हुंडई मोटर चिप की कमी के कारण 14 जून से एक सप्ताह के लिए अलबामा संयंत्र और संयंत्र के मेंटेनेन्स के लिए 16 जून से 11 जुलाई तक के लिए काम बंद कर देगी। हाल के हफ्तों में, चिप भागों की कमी ने संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य बाजारों में कार निर्माता और अन्य निर्माताओं के उत्पादन को प्रभावित करना जारी रखा है। पिछले महीने, हुंडई ने 25 मई से शुरू होने वाले पांच दिनों के लिए अपने भारतीय संयंत्र को रोक दिया था, क्योंकि तमिलनाडु संयंत्र में दो कर्मचारी कोविड-19 से संक्रमित थे । कई श्रमिकों ने बढ़ते वायरस की आशंका के बीच 24 मई को संयंत्र में धरना दिया था।



घरेलू मोर्चे पर, कंपनी ने अपने कुछ घरेलू संयंत्रों को चिप की कमी के कारण अस्थायी रूप से रोक दिया है।

हुंडई के सात घरेलू संयंत्र हैं, उल्सान में पांच, आसन में एक और जोंजू में एक और 10 विदेशी संयंत्र, चीन में चार और संयुक्त राज्य अमेरिका, चेक गणराज्य, तुर्की, रूस, भारत और ब्राजील में एक-एक है। उनकी संयुक्त क्षमता 5.5 मिलियन वाहनों तक पहुंचती है। हुंडई की सहयोगी किआ कॉर्प ने भी पिछले महीने सियोल के दक्षिण-पश्चिम में ग्वांगमीओंग में अपने अमेरिकी संयंत्र और घरेलू संयंत्र को उन्हीं समस्याओं के कारण अस्थायी रूप से रोक दिया था।

किआ ने कहा कि वह जॉर्जिया संयंत्र में मौजूदा तीन-शिफ्ट प्रणाली को इस सप्ताह की शुरूआत में दो-शिफ्ट प्रणाली में बदलने पर विचार कर रही है।

के5 सेडान और सोरेंटो एसयूवी के निर्माता के कोरिया में आठ घरेलू संयंत्र हैं और सात विदेशी हैं, चीन में तीन और संयुक्त राज्य अमेरिका, स्लोवाकिया, मैक्सिको और भारत में एक-एक है। इनकी कुल क्षमता 3.84 मिलियन यूनिट है।

## गौतम अडानी की मुश्किलें बढ़ी, 43,500 करोड़ निवेश करने वाले 3 विदेशी फंडों के अकाउंट फ्रीज

**नई दिल्ली।** भारत ही नहीं एशिया के दूसरे अमीर शख्स गौतम अडानी को बड़ा झटका लगा है। एनएसडीएल यानी नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड ने तीन विदेशी फंड्स ,इन्वेस्टमेंट फंड, क्रेस्टा फंड और एपीएमएस इन्वेस्टमेंट फंड के खाते फ्रीज कर दिए हैं। इनके पास अडाणी ग्रुप की चार कंपनियों के 43,500 करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य के शेयर हैं। यह खबर गौतम अडाणी के लिए किसी झटके से कम नहीं है। इससे अडाणी की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई है। अकाउंट फ्रीज करने का मतलब है कि फंड न तो कोई मौजूदा सिक्योरिटीज बेच सकता है और न ही नई खरीद सकता है। अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर 15 फीसदी, अडानी पोर्ट्स ऐंड इकोनॉमिक जोन 14 फीसदी, अडानी पावर 5 फीसदी, अडानी ट्रांसमिशन 5 फीसदी, अडानी ग्रीन एनर्जी 5 फीसदी, अडानी टोटल गैस 5 फीसदी टूट गया। ये तीनों फंड मॉरीशस के हैं और सेबी में इन्हें विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक के रूप में रजिस्टर्ड किया गया है। तीनों का संयुक्त रूप से अडानी एंटरप्राइजेज में 6.82 फीसदी, अडानी ट्रांसमिशन में 8.03 फीसदी, अडानी टोटल गैस में 5.92 फीसदी और अडानी ग्रीन में 3.58 फीसदी का निवेश है।

## प्रभास की फिल्म की खातिर दीपिका पादुकोण ने घटाई फीस

दीपिका पादुकोण और प्रभास आने वाले दिनों में एक साथ फिल्म में दिखाई देने वाले हैं। दोनों ही कलाकार निर्देशक नाग अश्विन की अगली फिल्म में बतौर लीड किरदार निभाने वाले हैं। इन दोनों कलाकार को एक साथ सिल्वर स्क्रीन पर देखना फैंस के लिए उत्साहित करने वाला है। आपको बता दें कि दीपिका पादुकोण और प्रभास के अलावा फिल्म में महानायक अमिताभ बच्चन भी अहम रोल में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म को लेकर काफी समय से खबरें सामने आ रही है। इन दिनों प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म प्री प्रोडक्शन फेस में है।



हालांकि अब इस फिल्म से जुड़ी एक बड़ी जानकारी भी सामने आ रही है। प्रभास द्वारा अभिनीत इस फिल्म में जब अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की एंट्री का ऐलान किया गया तो सोशल मीडिया पर इन दोनों की जोड़ी को ऑनस्क्रीन जोड़ी को देखने के लिए फैंस क्रेज़ी हो गए।

वहीं अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपनी हर एक फिल्म के लिए भारी भरकम फीस लेती हैं लेकिन इस फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण ने अपनी फीस घटा दी है। जी हां दीपिका पादुकोण नाग अश्विन के निर्देशन में बन रही फिल्म के लिए कुल 8 करोड रुपए चार्ज किए हैं।

जबकि उन्होंने पद्मावत के लिए 12 से 13 करोड़ रुपए बतौर फीस ली थी। अगर हम बात करें दीपिका पादुकोण की पिछली रिलीज फिल्म की तो उनकी पिछली रिलीज फिल्म छपाक थी। जो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई थी। हालांकि अभिनेत्री के अभिनय को तारीफ मिली थी। इसके अलावा आने वाले दिनों में दीपिका पादुकोण कई फिल्मों में दिखाई देने वाली हैं।

## आज का राशिफल

मेष: आज आपका मन वैचारिक धरातल पर मानसिक व्यग्रता का अनुभव करेगा। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरिएगा। स्वजनों, स्नेहीजनों के साथ मनदुःख होगा।

वृष: आर्थिक आयोजन प्रारंभ में कुछ अड़चन के साथ पूर्ण होते हुए लगेंगे। मित्रों-शुभेच्छकों के मिलन से आपको आनंद होगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सहकारपूर्ण वातावरण रहेगा।

मिथुन: आपके दिन का प्रारंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता के साथ होगा। परिजनों और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। पूंजी निवेश का कार्य संभालकर करें।

कर्क: आज आपके धन की आय और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द से व्यग्रता होगी। साथ में मानसिक चिंता भी रहेगी।

सिंह: आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहने से आप लोगों के साथ व्यवहार संभलकर करिएगा। आरोग्य के लिए आज का दिन शुभ नहीं है।

कन्या: आपका आज का प्रातःकाल आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगा। व्यवसाय और व्यापार के क्षेत्र में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी।

तुला: आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यवसाय या व्यापार में आप उत्साहपूर्वक कार्य करेंगे। पदोन्नति होगी।

वृश्चिक: आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। व्यवसाय या व्यापार में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतानों के साथ मतभेद होने की संभावना है।

धनु: आज क्रोध करने से हानि होने की संभावना है। शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता से आप व्यग्र रहेंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में उच्च अधिकारियों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

मकर: आज रुचिकर स्वजनों के साथ घूमने-फिरने का और खान-पान का प्रसंग उपस्थित होगा। वाहन सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

कुंभ: आज आपको कार्य-सफलता और यश-कीर्ति मिलेंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरुप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मीन: आज आपका दिन अच्छी तरह से बीतेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय है। प्रियपात्र के साथ हुई भेंट आनंददायी होगी। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

## अवतार फिल्म के कॉस्ट्यूम डिजाइनर बनाएंगे ऋतिक रोशन को रावण

बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता ऋतिक रोशन आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। जिसमें उनकी अपकमिंग प्रोजेक्ट रामायण भी शामिल है। जिसके निर्माता मधु मंटेना है। ऋतिक रोशन की पिछली रिलीज फिल्म वॉर थी जिसने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की थी। इस फिल्म में अभिनेता का एक्शन अवतार दिखाई दिया था। ऋतिक रोशन की इस फिल्म की रिलीज के बाद उनके चाहने वाले अभिनेता की अगली फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे है। ऐसे में अब ऋतिक रोशन को लेकर



खबरें आ रही हैं कि वो जल्द ही निर्माता मधु मंटेना की अपकमिंग फिल्म रामायण में नजर आने वाले हैं। इसमें अभिनेता ऋतिक रोशन रावण का किरदार निभाते हुए दिखाई देंगे। इन दिनों फिल्ममेकर फिल्म को लेकर तैयारियां कर रहे है। ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि, मधु मंटेना अपनी फिल्म रामायण को बड़े स्तर पर शूट करने की तैयारी कर रहे हैं।

जिसके लिए वो किसी भी तरह की कमी नहीं रखना चाहते है। फिल्म को खास और शानदार बनाने के लिए मेकर्स ने हॉलीवुड फिल्म अवतार के टेक्नीशियन की मदद भी लेने की प्लानिंग की है। सुनने में आ रहा है कि फिल्म रामायण की कॉस्ट्यूम डिजाइनर के लिए अवतार के टेक्नीशियन की मदद ली गई है। जो अभिनेता ऋतिक रोशन को रावण बनाने का जिम्मा उठाने वाले है।

## रणबीर और श्रद्धा अभिनीत लव रंजन की फिल्म की शूटिंग 20 जून से होगी शुरू

देश में काफी दिनों से कोरोना के मामलों में कमी देखने को मिल रही है। हालात काबू में होने के बाद कई राज्यों ने लॉकडाउन के प्रतिबंधों में ढील दी है। उम्मीद है कि कुछ दिनों में महाराष्ट्र में भी फिल्मों की शूटिंग की इजाजत मिल जाएगी। अब रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर अभिनीत लव रंजन की आगामी फिल्म को लेकर एक जानकारी सामने आई है। खबरों की मानें तो फिल्म की शूटिंग 20 जून से शुरू हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, रणबीर और श्रद्धा अभिनीत लव की



फिल्म का शूटिंग शेड्यूल 20 जून से शुरू हो सकता है। बताया जा रहा है कि लव और उनकी टीम 20 जून से फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना पर काम कर रही है। फिल्म के आगामी शेड्यूल में लव फिल्म के भावनात्मक दृश्यों को फिल्माएंगे।

## घर पर बनाएं पनीर काली मिर्च

घर पर जायकेदार पनीर काली मिर्च बनाने के लिए यहां दी गई रेसिपी करें फॉलो और मिनटों में तैयार हो जाएगी आपकी ये लाजवाब डिश।



### सामग्री :

2 प्याज लंबे कटे हुए, 3-4लहसुन की कली बारीक कुटी हुई, 2 हरी मिर्च कटी हुई, 1 इंच अदरक का टुकड़ा कटा हुआ, 2 टीस्पून काजू के टुकड़े, 100 ग्राम पनीर, आवश्यकतानुसार ऑयल और बटर, 1/2 कप दूध, 1/2 टीस्पून चीनी, 2 तेज पत्ते, 2 हरी इलायची, 2 बड़ी इलायची, लौंग

**मेरिनेशन की सामग्री-** 2 टेबलस्पून हंग कर्ड, स्वादानुसार नमक, 1 टीस्पून कसूर मेथी, 1/2 टीस्पून काली मिर्च कुटी हुई, 2 टीस्पून फ्रेश क्रीम या मलाई, ताजा हरा धनिया, 2 टेबलस्पून मॉजरेला चीज़, 1 टीस्पून कॉर्न फ्लोर, 1 टीस्पून तेल

### विधि :

सबसे पहले गर्म पानी में काजू भिगो दें। अब दो टीस्पून ऑयल में सभी खड़े गरम मसाले भूनें। फिर प्याज, लहसुन, अदरक, हरी मिर्च डालकर 5 मिनट तक भूनें। अब पानी से काजू निकालकर इसमें डालें और थोड़ा-सा-पानी मिलाकर 15 मिनट तक मध्यम आंच पर उबलने दें। अब बोल में मेरिनेशन की सामग्री मिक्स करें और उसमें पनीर के टुकड़े डालकर 15 से 20 मिनट तक रख दें। मसालों में से तेजपत्ता और मोटी इलायची को निकालकर बाकी चीज़ें मिक्सी में पीस लें। फिर पैन में एक टीस्पून ऑयल और एक टीस्पून बटर डालें। उसमें पिसे हुए मसाले डालें और ऑयल छोड़ने तक पकाएं। फिर स्वादानुसार नमक डालें। अब मैरिनेट किए हुए पनीर को स्टिक की मदद से हल्का फ्राई करें और ग्रेवी में मेरिनेशन का बचा हुआ मसाला डाल दें। इसमें दूध, चीनी, पनीर मिलाएं और क्रीम डालकर गार्निश करें।

## शब्द सामर्थ्य- 110

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू- 110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |